थापर इंस्टीट्यूट ने डेटा साइंस में शुरू किया पीएचडी प्रोग्राम

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

दैनिक भास्कर
Page No. 05 Dated 08-08-2025

एजुकेशन प्लस

थापर इंस्टीट्यूट ने डेटा साइंस में शुरू किया पीएचडी प्रोग्राम

पटियाला | थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड ने डेटा साइंस में उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम शुरू किया है। इंजीनियरिंग और अनुप्रयुक्त विज्ञान में भारत के अग्रणी संस्थानों में से एक, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) और शीर्ष 50 वैश्विक विश्वविद्यालयों में से एक, क्वींसलैंड विश्वविद्यालय (यूक्यू) ने संयुक्त पीएचडी कार्यक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं जो अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर है। इस पहल के शुभारंभ पर दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति रही।